# मुख्यमंत्री निवास में तीजा-पोरा : मुख्यमंत्री ने करु भात खिलाने से लेकर साज-श्रृंगार और विदाई की निभाई रस्में

❑ तिजहारिन माताओं-बहनों में दिखा गजब का उत्साह: छत्तीसगढ़ी गानों में जमकर थिरकीं

❑ महिलाओं ने रईचुली झूले और पारंपरिक खेल का लिया आनंद

❑ पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में सजा मुख्यमंत्री निवास

❑ मुख्यमंत्री के न्यौते पर पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने उत्साह के साथ आयोजन में लिया हिस्सा



रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री निवास में आज तीजा पोरा तिहार धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निमंत्रण पर पारंपरिक वेशभूषा में हजारों की संख्या में महिलाएं तीजा-पोरा मनाने मुख्यमंत्री निवास पहुंची। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास को पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में सजाया गया था। तीजा-पोरा तिहार के अवसर पर महिलाओं-बहनों के लिए मुख्यमंत्री निवास में मायके की तरह करु भात खिलाने से लेकर साज-श्रृंगार और विदाई तक सारी रस्में निभाई गई। मेहंदी, आलता से श्रृंगार की व्यवस्था के साथ पूजा के लिए भगवान महादेव का आकर्षक मंदिर तैयार किया गया। मुख्यमंत्री सहित वहां मौजूद महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। करु भात के लिए करेला चने की सब्जी, कढ़ी के साथ ठेठरी, खुरमी, बड़ा, सोहारी और अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।

**मुख्यमंत्री बघेल ने सपरिवार लिया रईचुली झूले का आनंद-** छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों के दल ने छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत से अनोखा समा बांधा। 'तीजा पोरा के तिहार बहिनी नीक लागे मोर और गाड़ा गाड़ा जोहार...' जैसे गानों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। मुख्यद्वार के पास रईचुली झूले की व्यवस्था थी, जिसका महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। मुख्यमंत्री बघेल ने भी महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए सपरिवार रईचुली झूले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री संग सेल्फी लेने माताएं बहनें उत्साहित दिखीं।

**पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में सजा मुख्यमंत्री निवास-** तीजा-पोरा तिहार कार्यक्रम के लिए पूरे मुख्यमंत्री निवास की पारम्परिक रूप में भव्य सजावट की गई थी। कार्यक्रम प्रांगण को तीजा-पोरा पर्व सहित छत्तीसगढ़ी ग्रामीण संस्कृति और जन-जीवन के प्रतीकों से सुसज्जित किया गया था। मुख्य द्वार को पोरा पर्व के पारंपरिक नांदिया बैला से सजाया गया था। गैलरी को रंग-बिरंगे झालरों द्वारा आकर्षक कलेवर दिया गया था। ग्रामीण संस्कृति से जुड़े नयनाभिराम चित्रों से दीवारों को सजाया गया। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषणों का प्रदर्शन भी यहां किया गया।

**हाथों में मेहंदी और पैर में माहुर लगाकर महिलाएं हुईं उत्साहित -** मुख्यमंत्री निवास में माताओं-बहनों के हाथों में मेहंदी और पैर में माहुर लगाने की व्यवस्था की गई थी। यह माना जाता है जब बेटी अपने मायके आती है तो वह कुछ इसी तरह साज श्रृंगार कर तीजा के त्यौहार में शामिल होती है। मेहंदी और माहुर लगवाने के लिए महिलाएं उत्साहित दिखीं और उनके चेहरे पर अलग ही मुस्कान खिली नजर आई जिसने माहौल को और खूबसूरत बना दिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### डेंगू के इलाज के लिए जारी गाइड लाइन का पालन नही करने वाले 25 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी

रायपुर (आरएनएस)। डेंगू के इलाज में गाइड लाइन का पालन नहीं करने पर राजधानी रायपुर के 25 निजी अस्पतालों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की ओर से नोटिस जारी किया गया है। तथा इन अस्पतालों से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। इनमें विद्या हॉस्पिटल, मेडिसिन हॉस्पिटल, स्वास्थ्यम हॉस्पिटल, स्वप्निल नर्सिंग होम, श्रीराम शांति हॉस्पिटल, महानंद हॉस्पिटल, यशवंत हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ डेंटल हॉस्पिटल, अग्रवाल हॉस्पिटल और पेटल्स हॉस्पिटल, पांडे नर्सिंग होम, मातृस्मृति हॉस्पिटल, रामकृष्ण हॉस्पिटल, आरोग्य हॉस्पिटल, लक्ष्मीनारायण हॉस्पिटल, श्रेयान्स मल्टी हॉस्पिटल, बिहान हॉस्पिटल, अवंति हॉस्पिटल और उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, वी केयर हॉस्पिटल, एनएम हॉस्पिटल, नवकार हॉस्पिटल, वैदेही हॉस्पिटल शामिल है।

### दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई स्थित फोटो कॉपी दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गुलाब सिंह 45 वर्ष संयासीपारा खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजेड 7497 को खमतराई स्थित ज्योति फोटो कॉपी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराइ पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बेलगहना जलाशय के कार्य के लिए 1.45 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा बिलासपुर जिले के विकासखण्ड-कोटा के बेलगहना जलाशय योजना के बांध का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं नहरों का जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ 45 लाख 45 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रदान की गई है। योजना का कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के किसानों को 54 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

### चोरी की एक्टिवा बेचने का प्रयास, चोर पकड़ाया

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर की गंज थाना पुलिस ने चोरी की एक्टिवा वाहन को बेचने का प्रयास कर रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है तथा चोरी की एक्टिवा वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना मोतीलाल यादव उर्फ बिन्स यादव निवासी भिलाई जिला दुर्ग का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दोपहिया वाहन एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलबी 0939 को जप्त कर उसके बिरूद्ध धारा 41(1+4) जा.फौ./379 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में देश में रायपुर को मिला 16 वां स्थान




रायपुर (आरएनएस)। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में रायपुर शहर ने 16 वां स्थान देश में 10 लाख से अधिक की आबादी वाले 47 शहरों में प्राप्त किया है। इसमें रायपुर इतना सफल रहा है कि रायपुर ने 169.5 अंकों को अर्जित कर 16 वां स्थान प्राप्त किया। जबकि नागपुर को 18 वां, विशाखापटनम को 20 वां, कानपुर को 23 वां, लखनऊ को 24 वां, बैंगलोर को 25 वां, पुणे को 29 वां स्थान मिला है। महापौर एजाज ढेबर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगरवासियों को शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में 10 लाख से अधिक की आबादी वाले 47 नगरों को श्रेणी 1, 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले 44 नगरों को श्रेणी 2, 3 लाख की आबादी वाले 40 नगरों को श्रेणी 3 में सम्मिलित कर इन कुल 131 नगरों में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी (एक्यूएमसी) द्वारा कराये गये नगरों के सर्वेक्षण एवं सीपीसीबी द्वारा रैंकिंग हेतु निरीक्षण उपरांत किये गये मूल्यांकन के आधार पर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंकिंग की घोषणा की है। सर्वेक्षण में शामिल नगरों में समाज के सभी वर्गों में स्वच्छ वायु के प्रति जनजागरण नागरिको को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छ वायु को लेकर दी गई जानकारी , नगरो के विभिन्न क्षेत्रों में वायु के मानको और सभी के लिए स्वच्छ वायु के मापदंडों के आधार पर कराने के साथ म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट के जलाये जाने, रोड डस्ट निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट की डस्ट वाहन प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, अन्य प्रदूषण इस संबंध में वायु प्रदूषण व अन्य प्रदूषण को रोकने किये गये जनजागरण अभियान एवं गतिविधियों आदि के मानको को ध्यान में रखते हुए सर्वे किया था।

महापौर ढेबर ने रायपुर का पुणे, विशाखापटनम, नागपुर, कानपुर, लखनऊ जैसे नगरों से बेहत्तर रैंकिंग लाना प्रसन्नतादायक है। रायपुर में आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में और अधिक बेहत्तर रैंकिंग लाकर देश के श्रेष्ठ 5 नगरों में लाने शहर में इलेक्ट्रिक बसे प्रारंभ करके, इलेक्ट्रिक वाहन रिचार्ज केन्द्र खोलकर, शहर नगर निगम क्षेत्र में सुरक्षित स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधे रोपित कर स्वच्छ हरित स्मार्ट सिटी की परिकल्पना साकार करने संकल्पित हैं।

# बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा




कोरबा (आरएनएस)। चाकाबुड़ा के ग्राम देवगांव मोड़ के पास एक ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालन कर बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। घटना के बाद भाग रहे ट्रेलर को स्थानीय लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया, तब वाहन चालक से अनियंत्रित होकर पलट गया।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में ट्रेलर की गति बेलगाम हो गई है। इससे लोगों को जान का खतरा बना रहता है। बुधवार को ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएच 6400 ने एक युवक को टक्कर मार दिया। घटना के बाद उन्होंने ट्रेलर पीछा कर पकड़ने की कोशिश की, तब जवाली मोड़ के पास ट्रेलर चालक से अनियंत्रित हो गया और कुछ दूर जाकर पलट गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम स्थल पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

# चाईल्ड पोर्नोग्राफी मामले में एक युवक गिरफ्तार



रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ . धारा 67(बी) आई.टी. एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

बता दें कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली एवं पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से प्राप्त चाईल्ड पोर्नोग्राफी के प्रकरण साईबर सेल रायपुर को प्राप्त हुये थे तथा प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की साईबर विंग द्वारा प्रकरण में तकनीकी विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की पहचान ओमप्रकाश देवांगन निवासी पारागांव,गोबरा नवापारा के रूप में की गई। आरोपी ओमप्रकाश देवांगन गोबरानवापारा क्षेत्र में रहते हुये अपने मोबाईल फोन से बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया था। जिस पर थाना प्रभारी गोबरानवापारा के नेतृत्व में थाना गोबरानवापारा पुलिस की टीम द्वारा आरोपी ओमप्रकाश देवांगन की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त कर उसके विरूद्ध धारा 67(बी) आई.टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 890.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

❑ प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले में और कम वर्षा सरगुजा जिले में



रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 890.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 14 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1537.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 397.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 718.8 मिमी, बलरामपुर में 811.7 मिमी, जशपुर में 714.0 मिमी, कोरिया में 833.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 829.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 979.4 मिमी, बलौदाबाजार में 899.6 मिमी, गरियाबंद में 790.5 मिमी, महासमुंद में 903.9 मिमी, धमतरी में 852.6 मिमी, बिलासपुर में 973.2 मिमी, मुंगेली में 1097.5 मिमी, रायगढ़ में 1012.7 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 801.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 810.4 मिमी, सक्ती में 795.1 मिमी, कोरबा में 875.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 930.5 मिमी, दुर्ग में 749.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 713.3 मिमी, राजनांदगांव में 967.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1134.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 905.8 मिमी, बालोद में 869.6 मिमी, बेमेतरा में 711.3 मिमी, बस्तर में 944.7 मिमी, कोण्डागांव में 963.7 मिमी, कांकेर में 878.2 मिमी, नारायणपुर में 858.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 967.8 मिमी और सुकमा में 1286.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# कोरबा जिले के उमरेली में नवीन महाविद्यालय का शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोरबा जिले के ग्राम चिर्रा के भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणा पर अमल करते हुए, आज ग्राम उमरेली में नवीन शासकीय महाविद्यालय शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नवीन महाविद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उमरेली जैसे गाँव में कॉलेज का खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। यह सब क्षेत्र के लोगों के प्रयास और मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के कारण संभव हो पाया है। इस कॉलेज में उमरेली सहित आसपास गाँव के बच्चे पढ़ेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने बच्चों को पढ़ने के लिए अवश्य भेजे और यहाँ पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हासिल कर उमरेली का नाम रौशन करें।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने उमरेली में नवीन कॉलेज का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ हुआ है। नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी योजना के अलावा राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, मजदूर न्याय योजना, कर्ज माफी से किसानों को लाभ मिला है। आने वाले दिनों में ज्यादा मात्रा और ज्यादा राशि में धान की खरीदी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गाँव-गाँव योजनाएं पहुँच रही है और विकास हो रहा है। उमरेली सहित दूरदराज गांवों में कॉलेज खुलना विकास का उदाहरण है, अन्यथा कॉलेज में पढ़ाई के लिए बिलासपुर, नागपुर तक जाना पड़ता था। उन्होंने गाँव में सभी को भाई-चारे के साथ रहने, एक दूसरे का सहयोग करते हुए गाँव के विकास में सबको सहभागी बनने की अपील की और कहा कि नवीन महाविद्यालय में गाँव के बच्चों का भविष्य टिका है, इसलिए सभी की अपनी जिम्मेदारी है कि वे उच्च शिक्षा में आगे बढ़ते अपने बच्चों को प्रेरित करेंगे।

सांसद ज्योत्सना महंत ने उमरेली में महाविद्यालय संचालन होने पर सभी को बधाई देते हुए, कहा कि आने वाले समय में किसी को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़ेगा और विद्यार्थियों के एक सुनहरे भविष्य का निर्माण होगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने शिक्षा को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया और उच्च शिक्षा से विद्यार्थियों के जीवन में एक नया द्वार खुलने की बात कही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक



आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# सौर सुजला योजना से जिले के 5230 किसानों की जिंदगी में फैली हरीतिमा

महासमुंद (आरएनएस)। सौर सुजला योजना ऐसे समस्त किसानों जिनके पास जल स्त्रोत तो पूर्व से उपलब्ध था, किंतु बिजली कनेक्शन के अभाव में या तो डीजल अथवा अन्य महंगे ईंधन का उपयोग कर सिंचाई करते थे या सिंचाई के लिये सिर्फ वर्षा के जल पर आश्रित रहते थे। उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। सौर सुजला योजना लागू होने के पश्चात से अब किसान सोलर पंप के माध्यम से अपने खेतों के साथ जिंदगी में भी हरियाली बिखेर रहे हैं। अब सिंचाई के लिए न तो आसमान की ओर ताकना पड़ता है और न ही विद्युत कनेक्शन का बाट जोहना पड़ता है। वे अब आसानी से अपने खेतों की सिंचाई कार्य कर पा रहे हैं। योजना के प्रारम्भ से अब तक जिला महासमुंद के कुल 5230 किसानों को योजना का लाभ मिला है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा), ऊर्जा विभाग छ.ग. शासन के अधीन राज्य सरकार की अधिकृत नोडल एजेन्सी है। जिसके माध्यम से राज्य में अनेक गैर परम्परागत ऊर्जा आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत सोलर रूफटॉप सौर संयंत्र, ऑन ग्रिड सौर संयंत्र, पेयजल हेतु सोलर ड्यूल पंप, कृषि प्रयोजन कार्य हेतु सोलर सिंचाई पंप के अलावा अनेक परियोजनाओं का क्रियान्वयन राज्य में किया जा रहा है। सौर सुजला योजना अंतर्गत राज्य के प्रत्येक वर्ग के किसानों को कृषि प्रयोजनों हेतु सिंचाई कार्यो के लिये राज्य शासन द्वारा अत्यंत आकर्षक अनुदान एवं रियायती दरों पर सोलर पम्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

महासमुंद जिले के ग्राम ठेलकादादर की महिला किसान रेवती पटेल की तरह 5 हजार और अन्य किसानों ने सोलर पम्प स्थापित कर आर्थिक समृद्धि के द्वार खोले हैं। रेवती बताती है कि योजना के तहत वर्ष 2023-24 में विकासखण्ड-पिथौरा के ग्राम - ठेलकादादर में अपने खेत में 03 एच.पी. क्षमता का सोलर पंप स्थापित किया है। जिससे वे खेतों में सब्जी उत्पादन कर कम समय में लगभग 45000 रुपए का लाभ ले चुकी है। उन्होंने बताया कि वे बिजली के अभाव में जल स्रोत होते हुए भी कृषि कार्य नहीं कर पाती थी या परंपरागत विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने हेतु लाखों रूपये का व्यय होता था, अब इस योजना का लाभ लेकर अपने खेतों में विभिन्न प्रकार के फसलों का उत्पादन कर लाभ अर्जित कर रहे हैं।

कार्यपालन अभियंता क्रेडा ने बताया कि योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु इस योजना के तहत जिला महासमुंद को 650 नग सोलर पंप का लक्ष्य आबंटित किया गया है जिसके विरूद्ध जिले में अब तक 231 सोलर पंप स्थापित किया जा चुका है। 3 एच.पी. क्षमता के सोलर पम्प स्थापना हेतु सामान्य वर्ग के लिए 18 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 12 हजार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 7-7 हजार रुपए लागत एवं हितग्राही अंश राशि का प्रावधान है। वहीं 5 एचपी पम्प स्थापना के लिए, सामान्य वर्ग हितग्राहियों के लिए 20 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग 15 हजार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए 10 हजार रुपए अंशदान देना होता है। प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में एक रूपए प्रति वॉट की दर से अतिरिक्त देय होगा।